ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

# HINDI

GRADE 10

School Level Examination

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोलें जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

* सभी प्रश्न अनिवार्य हैं तथा सबके बराबर अंक हैं।

* उत्तर-पत्रिका में सही उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल HB **पेंसिल** से भरें।

* **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।

* इस प्रश्न-पत्र में कुल 50 **बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। दी गई सूचनाओं के आधार पर सबसे सही उत्तर विकल्पों में से चुनें।

* प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक नहीं** होगा।

* परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर - पत्रिका** निरीक्षक को सौंप दें।

* परीक्षार्थी अपना रोल नंबर प्रश्न-पत्र के ऊपर भी लिख लें जो भविष्य के लिए उपयोगी होगा।

* कोई रफ़ कार्य उत्तर-पत्रिका पर न करें। प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली जगहों पर रफ़ कार्य किया जा सकता है।

* मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णतः **निषिद्ध** है।

Q.1)

'हिन्दी भाषा' का विकास किस भाषा से हुआ है?

(A) संस्कृत (B) प्राकृत

(C) पालि (D) देवनागरी

Q.2)

व्याकरण के अंतर्गत किन तत्वों की आवश्यक रूप से विवेचना की जाती है?

(A) वर्ण (B) शब्द

(C) वाक्य (D) उक्त सभी

Q.3)

निम्नलिखित में से 'सघोष अल्पप्राण' है-

(A) क (B) द

(C) छ (D) घ

Q.4)

कौन-सा उदाहरण 'गुण संधि' का नहीं है?

(A) यथा + इष्ट = यथेष्ट (B) यथा + इच्छा = यथेच्छा

(C) श्रद्धा + आनंद = श्रद्धानंद (D) महा + उत्सव = महोत्सव

Q.5)

इनमें से कौन-सा 'व्यंजन संधि' का उदाहरण नहीं है?

(A) जगत् + ईश = जगदीश (B) दुः + बल = दुर्बल

(C) उत् + ज्वल = उज्ज्वल (D) सम् + बंध = संबंध

Q.6)

'परमार्थ' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद है-

(A) प् + अ + र् + अ + म् + आ + र् + थ् + अ

(B) प् + अ + र् + म् + आ + र् + थ् + अ

(C) प् + अ + र् + म् + आ + र् + अ + थ् + अ

(D) इनमें से कोई नहीं।

Q.7)

किस शब्द में 'बे' उपसर्ग का प्रयोग नहीं है?

(A) बेरहम

(B) बेदाग

(C) बेनाम

(D) बेर

Q.8)

किस शब्द में 'प्रत्यय' का प्रयोग नहीं है?

(A) ममत्व

(B) दुकानदार

(C) मजदूर

(D) रसोइया

Q.9)

इनमें से कौन-सा 'तत्पुरुष' समास का उदाहरण नहीं है?

(A) अकालपीड़ित

(B) पथभ्रष्ट

(C) अपना-पराया

(D) गृहप्रवेश

Q.10)

इनमें से कौन–सा द्विगु समास का उदाहरण नहीं है?

(A) चौमासा

(B) धूप–दीप

(C) शताब्दी

(D) त्रिनेत्र

Q.11)

'अग्रज' शब्द का सही विलोम शब्द है–

(A) पीछे

(B) अनुज

(C) जन्म

(D) क्रोधित

Q.12)

'ध्वंस' शब्द का सही विलोम शब्द है–

(A) निर्माण

(B) निकलना

(C) टूटना

(D) विद्या

Q.13)

'धेनु–धनु' समरूपी भिन्नार्थक युग्म के लिए कौन–सा शब्द युग्म समानार्थी है?

(A) गाय – संपत्ति

(B) संपत्ति – गाय

(C) गाय – धनुष

(D) इनमें से कोई नहीं।

Q.14)

'जानने की इच्छा रखने वाला' वाक्यांश के लिए सही एक शब्द है-

(A) इच्छुक (B) जानकारी

(C) चाहा हुआ (D) जिज्ञासु

Q.15)

इनमें से कौन-सा 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' का उदाहरण नहीं है?

(A) महेंद्र सिंह धोनी (B) मुंबई

(C) राष्ट्रपति भवन (D) पर्वत

Q.16)

इनमें से कौन-सा 'भाववाचक संज्ञा' का उदाहरण नहीं है?

(A) बचपन (B) बुढ़ापा

(C) मिठास (D) मिठाई

Q.17)

'तुम्हारी बहन आज क्यों नहीं आई?' वाक्य का रेखांकित पद विशेषण का कौन-सा भेद है?

(A) निश्चित संख्यावाचक विशेषण (B) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

(C) सार्वनामिक विशेषण (D) इनमें से कोई नहीं।

Q.18)

'मोहन खाना खा चुका है।' वाक्य की रेखांकित क्रिया का भेद है-

(A) संयुक्त क्रिया
(B) अकर्मक क्रिया
(C) मिश्र क्रिया
(D) सकर्मक क्रिया

Q.19)

निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य भूतकाल का नहीं है?

(A) सब लोग काम पर गए थे।
(B) उन्होंने आपसे झूठ बोला।
(C) मीरा अपनी ससुराल चली गई।
(D) मैं भोजन कर चुका हूँ।

Q.20)

'अँधेरे में रखना' मुहावरे का सही अर्थ है-

(A) रोशनी में ना लाना
(B) भेद छिपाना
(C) बत्ती न जलाना
(D) किसी बंद जगह में रखना

Q.21)

'होनहार बिरवान के होत चीकने पात' लोकोक्ति का सही अर्थ है-

(A) हरे पौधों के बीज चिकने होते हैं।
(B) नए पौधे के पत्ते चिकने होते हैं।
(C) सभी पौधों के पत्ते चिकने होते हैं।
(D) होनहार व्यक्तियों का बचपन से ही पता चल जाता है।

Q.22)

'मैं भी पानी पीना है।' वाक्य का शुद्ध रूप है-

(A) मेरे को भी पानी पीना है।
(B) मुझे भी पानी पीना है।
(C) मेरे कूँ भी पानी पीना है।
(D) मुझको भी पानी पीना है।

Q.23)

इनमें से कौन-सा भेद पुरुषवाचक सर्वनाम का नहीं है?

(A) सब पुरुष (B) उत्तम पुरुष

(C) मध्यम पुरुष (D) अन्य पुरुष

Q.24)

'लाल कमीज़ वाली लड़की को यहाँ बुलाओ।' वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद कौन-सा है?

(A) संज्ञा पदबंध (B) विशेषण पदबंध

(C) क्रिया-विशेषण पदबंध (D) इनमें से कोई नहीं।

Q.25)

'जब वह बाज़ार गया तब उसने मिठाई खरीदी।' वाक्य के रूपान्तरण से बना सरल वाक्य है-

(A) वह बाज़ार गया और उसने मिठाई खरीदी। (B) उसे मिठाई खरीदनी थी इसलिए वह बाज़ार गया।

(C) मिठाई खरीदने के लिए वह बाज़ार गया। (D) इनमें से कोई नहीं।

Q.26)

(क) केतली का ढक्कन बंद कर दो। (ख) केतली से भाप निकल रही है। दोनों वाक्यों के संश्लेषण से बना मिश्र वाक्य कौन-सा है?

(A) केतली से भाप निकल रही है अत: उसका ढक्कन बंद कर दो।

(B) भाप न निकले, अत: केतली का ढक्कन बंद कर दो।

(C) जिस केतली से भाप निकल रही है उसका ढक्कन बंद कर दो।

(D) इनमें से कोई भी नहीं।

Q.27)

'अमिताभ ने राजेन्द्र को पुस्तक दी।' कौन-सा विकल्प इस वाक्य के पद-परिचय के अंतर्गत नहीं आएगा?

(A) अमिताभ = संज्ञा, व्यक्तिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, 'ने' के साथ कर्ता कारक, द्विकर्मक क्रिया 'दी' के साथ।

(B) राजेन्द्र = संज्ञा, व्यक्तिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक।

(C) पुस्तक = संज्ञा, जातिवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्मकारक।

(D) उपर्युक्त सभी सही हैं।

निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

वाणी एवं व्यवहार की मधुरता सभी के लिए सुखदायी होती है, समाज में हार्दिक सद्भाव की वृद्धि करती है किंतु अहंकारहीन व्यक्ति ही स्निग्ध वाणी और शिष्ट व्यवहार का प्रयोग कर सकता है। अहंकारी और दंभी व्यक्ति सदा अशिष्ट वाणी और व्यवहार का अभ्यासी होता है। जिसका परिणाम यह होता है कि ऐसे आदमी के व्यवहार से समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण नहीं बनता। जिस प्रकार एक व्यक्ति समाज में रहकर अपने व्यवहार से कर्तव्य और अधिकार के प्रति सजग रहता है, उसी तरह देश के प्रति भी उसका व्यवहार कर्तव्य और अधिकार की भावना से ओत-प्रोत रहना चाहिए। उसका कर्तव्य हो जाता है कि न तो वह स्वयं कोई ऐसा काम करे और न ही दूसरों को करने दे, जिससे देश के सम्मान, संपत्ति और स्वाभिमान को ठेस लगे। समाज एवं देश में शांति बनाए रखने के लिए धार्मिक सहिष्णुता भी बहुत आवश्यक है। यह वृत्ति तभी आ सकती है जब व्यक्ति संतुलित व्यक्तित्व का हो।

Q.28)

सभी के लिए क्या सुखदाई होती है?

(A) सद्भाव की वृद्धि

(B) वाणी एवं व्यवहार की मधुरता

(C) स्निग्ध वाणी

(D) कर्तव्य और अधिकार की भावना

Q.29)

स्निग्ध वाणी और शिष्ट व्यवहार का प्रयोग कौन कर सकता है?

(A) संतुलित व्यक्तित्व वाला व्यक्ति

(B) अहंकारी और दंभी व्यक्ति

(C) अहंकारहीन व्यक्ति

(D) क्रूर व्यक्ति

Q.30)

समाज एवं देश में शांति बनाए रखने के लिए किसे आवश्यक बताया गया है?

(A) कर्तव्य और अधिकार की भावना को

(B) संतुलित व्यक्तित्व को

(C) दंभी व्यक्ति को

(D) धार्मिक सहिष्णुता को

Q.31)

इनमें से कौन–से दो विकल्प समुद्र शब्द के पर्याय हैं?

(A) रजनीश

(B) उदधि

(C) दिवाकर

(D) रत्नाकर

Q.32)

किन दो शब्दों के स्त्रीलिंग रूप सही हैं?

(A) ग्वाला – ग्वालिन

(B) अग्र – अग्रजा

(C) रूपवान – रूपमती

(D) पड़ोसी – पड़ोसिनी

Q.33)

एकवचन–बहुवचन के कौन–से दो जोड़े सही हैं?

(A) शाखा – शाखाएँ

(B) बहन – बहने

(C) गुड़िया – गुड़ियाएँ

(D) रुपया – रुपये

Q.34)

एकवचन-बहुवचन के कौन-से दो जोड़े सही हैं?

(A) चुहिया – चुहियाँ

(B) पक्षी – पक्षीजन

(C) पुरुष – पुरुषो

(D) गुरु – गुरुजन

Q.35)

किन दो शब्दों के पुल्लिंग रूप सही हैं?

(A) श्रीमती – श्रीमता

(B) प्रेषिका – प्रेषक

(C) सत्यवती – सत्यमान

(D) आयुष्मती – आयुष्मान

Q.36)

कौन-से दो शब्द 'सुधा' शब्द के लिए अनेकार्थी नहीं हैं?

(A) अमृत

(B) दूध

(C) बुद्धि

(D) शुद्ध

Q.37)

वर्तनी की दृष्टि से कौन-से दो शब्द शुद्ध हैं?

(A) उद्देश्य

(B) उज्जवल

(C) नमष्कार

(D) अध्ययन

Q.38)

कौन-से दो वाक्य 'भाववाच्य' के हैं?

(A) दादी से सोया नहीं जाता। (B) अध्यापक पढ़ा रहे हैं।

(C) सोहन खेल रहा है। (D) प्रीति से नाचा नहीं जाएगा।

Q.39)

निम्नलिखित में से कौन-से दो वाक्य 'भविष्यत्काल' के हैं?

(A) साहिल कहानी लिखेगा। (B) मैं तो सुबह ही आ गया था।

(C) बच्चों ने गाना गाया। (D) कुसुम परसों आएगी।

Q.40)

निम्नलिखित में से कौन-से दो वाक्य 'अकर्मक क्रिया' के हैं?

(A) माली पौधा लगा रहा है। (B) सुधा हँसती है।

(C) विभु तैर रहा है। (D) वंदना संतरा खा रही है।

Q.41)

निम्नलिखित में से कौन-से दो वाक्यों में 'परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण' का प्रयोग है?

(A) नितिन बहुत मेहनत करता है। (B) सीता कम बोलती है।

(C) इधर बैठना माना है। (D) बच्चा अचानक रो पड़ा।

Q.42)

किन दो वाक्यों में 'स्थानवाचक क्रिया-विशेषण' का प्रयोग है?

(A) उधर जाकर खड़े हो जाओ। (B) मैं जल्दी लौट आऊँगा।

(C) भीतर जाकर पढ़ो। (D) आज तुम बहुत खुश हो।

Q.43)

किन दो वाक्यों में 'संबंधबोधक' का प्रयोग है?

(A) तुम ऊपर आ जाओ।

(B) पक्षी पेड़ के ऊपर बैठा है।

(C) अंदर कौन है?

(D) घर के आस-पास दुकानें हैं।

Q.44)

इनमें से कौन-से दो 'संबंधबोधक' हैं?

(A) के सामने

(B) अतः

(C) और भी

(D) की तरफ़

Q.45)

किन दो वाक्यों में 'विस्मयादिबोधक' का प्रयोग है?

(A) अरे वाह ! तुम तो बहुत होशियार हो।

(B) चुपचाप पढ़ते रहो।

(C) हाय ! कितनी भयंकर मुसीबत आई है।

(D) फ़ौरन घर चले आओ।

Q.46)

किन दो वाक्यों में 'निपात' का प्रयोग है?

(A) तुम पर तो किसी बात का प्रभाव नहीं पड़ता !

(B) चले जाओ यहाँ से !

(C) न जाने कितने ही लोग आए थे !

(D) कभी हमारे घर आओ।

Q.47)

इनमें से कौन-से दो निपात हैं?

(A) शाबाश

(B) अरे

(C) मात्र

(D) तक

Q.48)

निम्नलिखित में से कौन-से दो नृत्य गुजरात के हैं?

(A) बिहू

(B) डाँडिया

(C) गरबा

(D) बिछुआ

Q.49)

इनमें से किन दो टीमों ने 2020 तक कभी IPL टूर्नामेंट नहीं जीता है?

(A) सनराइज़र्स हैदराबाद

(B) रॉयल चेलैंजर्स बैंगलौर

(C) दिल्ली केपिटल

(D) डेक्कन चार्जर्स

Q.50)

निम्नलिखित में से कौन-से दो राज्यों की राजधानी हैदराबाद है?

(A) आंध्र प्रदेश

(B) कर्नाटक

(C) तेलंगाना

(D) ओडिशा

**Acknowledgement**

Copyright in this booklet is owned by Orange Education Pvt Ltd, unless otherwise indicated. Every effort has been made to trace and acknowledge copyright. Orange Education Pvt Ltd apologises for any accidental infringement and welcome information to redress the situation.

For more information, please visit our website: www.orangeeducation.in

ORANGE®

Orange Education Pvt Ltd

Adding value to 'Education'

Website: www.orangeeducation.in

@OrangeEducationPvtLtd